ज़रा सिर खुजलाइए

पिछले अंक में हमने आपसे तीन सवाल पूछे थे। सवाल इस प्रकार थे:

1. एक व्यक्ति वर्ष 40 ईसा पूर्व के सातवें दिन पैदा हुआ और ईस्वी सन् 40 के सातवें दिन मर गया। बताइए वह व्यक्ति कितने बरस ज़िंदा रहा।
2. एक कार चालक ने कार में एक अतिरिक्त टायर रखते हुए अपना सफर शुरू किया। उसने हर टायर को बारी-बारी से एक जैसा आराम दिया। इस तरह सभी टायरों ने बराबर दूरी तय की। उस व्यक्ति ने कुल 5000 किलोमीटर का सफर किया तो हर टायर ने चलते हुए कितनी दूरी तय की होगी।
3. पांच माचिस की तीलियों का इस्तेमाल करते हुए एक घन बनाने की कोशिश कीजिए। ध्यान रहे माचिस की तीलियों को तोड़ना नहीं है।

इन सवालों के जवाब इस तरंह से हैं:

जवाब:1 वह व्यक्ति कुल 79 वर्ष तक जीवित रहा।

जवाब:2 चूंकि हरेक टायर कुल समय के 4/5 समय तक इस्तेमाल हुआ, इसलिए हरेक टायर ने कुल 5000 किलोमीटर की 4/5 दूरी, यानी 4000 किलोमीटर दूरी तय की है।

जवाब:3 नीचे दिए चित्र के मुताबिक एक तीली को लिटाकर, चार अन्य तीलियों को मिलाने पर घनाकार आकृति बनती है।



इस बार के सवाल

1. किसी गांव में 800 महिलाएं रहती हैं। इनमें से 3% महिलाएं एक कान में बाली पहनती हैं। शेष 97% में से आधी महिलाएं अपने दोनों कानों में बाली पहनती हैं और शेष आधी महिलाएं किसी भी कान में बाली नहीं पहनतीं। तो उस गांव में कुल मिलाकर हर महिला के लिए कितनी बालियां उपलब्ध हैं?

2. एक आवक-जावक बाबू के पास चार खत हैं जिन्हें पोस्ट किया जाना है। उसके पास इन चार खतों के पते लिखे लिफाफे भी हैं। काम की जल्दी में उसने पता देखे बिना खतों को एक-एक लिफाफे में रख दिया। अब वो परेशान है कि पता नहीं किस लिफाफे में किसका खत रखा गया हो! इस बात की कितनी संभावना है कि कम-से-कम तीन खत तो सही लिफाफों में होंगे ही?

3. कॉफी का एक शौकीन किसी कॉफी हाउस में गया। अभी उसने चीनी मिलाई ही थी कि कॉफी में मक्खी गिर गई। शौकीन ने वेटर से कॉफी बदलकर लाने के लिए कहा। थोड़ी देर में वेटर दोबारा कॉफी लेकर आया। शौकीन ने गहरी सांस लेते हुए हल्का-सा घूंट पिया और वेटर से बोला, "तुम मक्खी वाली कॉफी ही लेकर आए हो!" कॉफी के शौकीन को वेटर की बदमाशी कैसे पता चली होगी?

4. बाज़ार में तोते बेचने वाला चिल्ला रहा था, "जो इस तोते के सामने बोलोगे, तोता उसे दोहराएगा। यह मेरा दावा है।"

तोतेवाले की बातें सुनकर एक आदमी ने तोते को खरीद लिया। घर पर वह तोते के सामने कुछ बोलने लगा। तोते ने कुछ भी नहीं दोहराया। उस आदमी ने बार-बार कोशिश की कि तोता कुछ बोले, लेकिन नतीजा सिफर रहा। क्या तोते बेचने वाले का दावा गलत था?

अगर आपके पास इन सवालों के जवाब हैं तो कृपया हमारे पास जल्द-से-जल्द भेजिए। हमारा पता आप जानते ही हैं।

पिछले अंक में सवालीराम से पूछे गए सवालों के जवाब अगले अंक में दिए जाएंगे।